अनुक्रमांक ......................                                        नाम ...........................................

# वार्षिक परीक्षा 2020–21

## कक्षा – सप्तम

## विषय : हिन्दी

निर्धारित समय : 3:00 घण्टे                                        अधिकतम अंक : 100

---

**सामान्य निर्देश :**

1. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर खण्डों के क्रमानुसार ही करें।
2. कृपया जांच लें प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या 14 तथा मुद्रित पृष्ठों की संख्या 04 है।
3. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
4. घण्टी का प्रथम संकेत प्रश्न पत्रों के वितरण एवं प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए है।
5. 15 मिनट के पश्चात घण्टी के द्वितीय संकेत पर प्रश्न पत्र हल करना प्रारम्भ करें।

प्र.1 निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्य के सामने सही ( ✓ ) और गलत वाक्यों के सामने गलत ( X ) का चिह्न लगाइये– (10)

क. भारत की राष्ट्रभाषा अंग्रेजी है।

ख. हमारे देश में एक ही धर्म के लोग रहते हैं।

ग. विशेषण चार प्रकार के होते हैं।

घ. वृक्षों के नाम सदैव पुल्लिंग होते हैं।

ङ. कक्षा समुदायवाचक संज्ञा का उदाहरण है।

च. पाण्डवों को चौदह वर्ष का वनवास हुआ।

छ. 26 जनवरी 1950 को हमारा देश स्वतन्त्र हुआ था।

ज. हमारे देश में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं।

झ. एक दिन में 24 घण्टे होते हैं।

ञ. विक्रमी सम्वत् 2067 चल रहा है।

प्र.2 निम्नलिखित पंक्तियों का सन्दर्भ साहित भाव स्पष्ट कीजिए–

क. चारु चंद की चचल किरणें, खेल रही है जल थल में। (5)
स्वच्छ चांदनी विधी हुई है, अवनि और अम्बर तल में।।

ख. व्योम के नीचे खुला आवास मेरा, (5)
ग्रीष्म वर्षा शीत का अभ्यास मेरा।

प्र.3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिये–

उस दिन जब मैं दफ्तर पहुंचा तो मैंने एक सज्जन को अपनी कुर्सी पर बैठा हुआ पाया। ये सज्जन अपने दोनों पैर मेज पर रखे हुए गुनगुना रहे थे और कभी–कभी पेंसिल से अपनी जांघों पर रखे हुए मेरे लेटर–पैड पर एक आध लाइन भी लिख देते थे। <u>यहां यह बता देना अनुचित न होगा कि मैंने यह लैटर पैडर तीन रंगों में छपाया था और हर एक पन्ने की लगत ढाई पैसे पड़ी थी।</u>

क. उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का पाठ का नाम लिखिये। (2)

ख. लेखक ने अपने दफ्तर में क्या पाया? (2)

ग. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। (2)

घ. लेटर पैड कितन रंगों का था? (2)

ङ. हर एक पन्ने की लागत कितनी पड़ी थी? (2)

प्र.4 निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए– (5)

| | | |
|---|---|---|
| क. | विक्रम सम्वत् | महावीर जैन |
| ख. | बौद्ध सम्वत् | प्रथम युग |
| ग. | जैन सम्वत् | 1923 |
| घ. | सतयुग | महात्मा बुद्ध |
| ङ. | शक सम्वत् | विक्रमादित्य |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (10)

क. विद्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों का क्या उद्देश्य है?

ख. भगवान कृष्ण न अर्जुन को अपना विराट स्वरूप क्यों दिखाया?

ग. लेखक के पिता किसके प्रधान थे?

घ. सूरदास ने पक्षी की तुलना अपने मन से किस प्रकार की है?

ङ. व्यक्ति के विश्वास को कब धक्का लगता है?

प्र.6 बाल महाभारत पाठ्य पुस्तक के अनुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिये– (10)

क. महाभारत की कथा किसकी देन है?

ख. कुंती को कौन सा वरदान प्राप्त हुआ?

ग. शिखंडी कौन था? वह युद्ध में किस कारण से भाग लेना चाहता था?

घ. धृतराष्ट्र ने विदुर से क्या पूछा?

ङ. विदुर कौन था?

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–

क. किन्हीं चार शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए– (4)

पावकः, सज्जन, वागीश, मनोहर, दुर्गुण

ख. भर और प्र उपसर्ग लगाकर एक–एक सार्थक शब्द लिखिए। (2)

ग. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक–एक शब्द लिखिए– (4)

1. जिसका कोई खण्ड न हो सके।
2. जिसकी मृत्यु न हो।
3. जिसका कोई अर्थ न हो।
4. मार्ग को बताने वाला।

प्र.8 क. किन्हीं दो का समास विग्रह कीजिए– (2)

समाज–सुधार, यथाशक्ति, ग्रामगत, माता–पिता

ख. दिये गये शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– (2)

आकाश, सरल, सम्मानित, उच्च

ग. किन्हीं दो शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए– (2)

भू, जल, नभ, बिजली

प्र.9 क. किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए– (4)

पत्थर की लकीर होना, दौड़–धूप करना, रंग में भंग पड़ना

ख. दिये गये शब्दों का अर्थ लिखिए– (2)

जिज्ञासा, उच्चाशय, चित्तवृत्ति, अन्धभक्ति

ग. किसी एक शब्द युग्म का अर्थ स्पष्ट कीजिए– (4)

सुत–सूत, कुल–कूल

प्र.10 दिये गये वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– (2)

क. मोनिका रही है सो।

ख. बच्चे पढ़ रहा है।

प्र.11 लिपि किसे कहते हैं? (1)

प्र.12 अपनी पाठ्य–पुस्तक से कोई आठ पंक्तियों की कविता लिखिए। (5)

प्र.13 अपने प्रधानाचार्य जी को तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए। (5)

प्र.14 किसी एक विषय पर 150 शब्दों का निबन्ध लिखिए– (5)

क. पर्यावरण स्वच्छता

ख. समय का सदुपयोग

ग. वृक्षारोपण से लाभ